गुरुवार
09 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

कार्तिक पूर्णिमा : गंगा-तमसा संगम पर हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

छोटी खबरें

बिहार में शाम 5:05 बजे से लेकर 06:20 बजे तक रहा चंद्रग्रहण

पटना। इस साल का अंतिम चंद्र ग्रहण मंगलवार को लगा। बिहार में चंद्रग्रहण भारतीय समय के मुताबिक शाम करीब पांच बजे से शुरू होकर 6:20 बजे तक रहा। अलग-अलग जगहों पर ग्रहण की टाइमिंग में हल?का परिवर्तन देखा गया। चंद्रग्रहण के पहले से इसकी समाप्ति तक सूतक काल रहा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहे। इसके पहले चंद्रग्रहण बीते 16 मई को लगा था। बिहार में यहां आंशिक चंद्रग्रहण देखा गया। पटना में चंद्रग्रहण शाम 05:05 बजे आरंभ होकर 06:18 बजे समाप्त हुआ। स्कंद पुराण के अनुसार कार्तिक का महीना सभी महीनों में श्रेष्ठ तथा रोग से दूर रखने व मुक्ति प्रदान करने वाला है। कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली के तौर पर भी मनाया जाता है। इस बार आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही साल का आखिरी चंद्रग्रहण भी लगा। चंद्रग्रहण की समाप्ति के बाद लोगों ने स्नान ध्यान किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दोबारा समन भेज सकती ईडी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी दोबारा समन भेज सकती है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन के टाइम पीटिशन पर मंथन कर लिया है और अगले सप्ताह दूसरा समन जारी करने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा मांगा गया 3 सप्ताह का समय उन्हें मिलना मुश्किल है। गौरतलब है कि ईडी ऐसे मामलों में 3 बार समन जारी करती है लेकिन यदि संबंधित व्यक्ति पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होता तो एजेंसी कोर्ट से उचित विधि-सम्मत कार्रवाई के लिए विशेष निर्देश लेती है। ता दें कि ईडी ने मनी लाउंड्रिंग केस और अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीते मंगलवार को देर रात समन जारी किया था। मुख्यमंत्री को 3 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन सीएम नहीं आए।

श्रीराम ने किसी में परायापन नहीं देखा, हम उनका अनुसरण करें : मोहन भागवत

केटी न्यूज बक्सर

- बक्सर के अहिरौली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में शामिल हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक
- आपस में प्रेम, करुणा व भाईचारा रखने और कर्म करते रहने का दिया संदेश
- किसी से डरकर कभी कोई कर्म नहीं करो, हम सभी को अच्छा सच्चा हिन्दु होना चाहिए

बक्सर के अहिरौली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में शामिल होने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत पहुंचे। श्रीराम कर्म भूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर के तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया है। पूजनीय संतों की उपस्थिति में मोहन भागवत ने करीब 17 मिनट तक अपना संबोधन दिया। इसमें उन्होंने आपस में प्रेम, करुणा व भाईचारा रखने और कर्म करते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान हर बार अवतार लेकर हम सभी की इच्छा पूरी करते आए हैं। इच्छाएं तो मन में बहुत आती हैं लेकिन संतों की मानें तो होइहे वही जो राम रचि राखा। इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए हमें भी अपना कर्म करते रहना चाहिए। सत्य को पाना है तो कर्म करना होगा। इस मौके पर संत समाज ने बक्सर में वामन कॉरिडोर बनाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि संतों की मनोकामना पूरी होती है, कैसे होती है ये मै नहीं जानता। असंभव वाली बातें भी वो इच्छा करते हैं, यथावत बात पूरी होती है। यथावत बात इसलिए पूरी होती है क्योंकि कोई भी इच्छा पूरी करने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है। कर्म करना पड़ता है। हमारी इच्छा पूरी करने के लिए भगवान ने अवतार लिया। हमारा काम है हम पुरुषार्थ करें, कर्म करें। कर्म करने का मतलब केवल नारा देना नहीं।

धर्म समाज को जागरूक करता है, जोड़कर रखता है

उन्होंने कहा कि सत्य को पाना है, तो कर्म करना होगा। जत्थेदार जी ने कहा कर्म के साथ जप भी करो, मन में राम को रखो। भागवत ने कहा कि धर्म समाज को जोड़ कर रखने वाला। सबको सुख की अनुभूति देने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत का किसान क्या सोचता है कि मुझे खेती इसलिए करनी है कि खेती करके खिलाना मेरा धर्म है। इसके लिए कितने कष्ट सहता है, लेकिन फिर भी वह इसे छोड़ता नहीं, क्योंकि इसे वह अपना धर्म समझता है। धर्म समाज को जागरूक करता है। जोड़कर रखता है। उन्नत करता है, पराकर्मी बनाता है। जोड़नेवाला, सबमें आनंद पैदा करनेवाला, सबको सुख देनेवाला ऐसा जो बनाता है, वह धर्म है। धर्म के लिए कर्म करना है। अपने लिए नहीं करना है। मुझे पुरुषार्थ करना है, उसके लिए तो काम करते समय दो बातें होंगी। किसी से डरकर कभी कोई कर्म नहीं करो। हम सभी को अच्छा सच्चा हिन्दु होना चाहिए। किसी से डर कर नहीं।

विश्व के कल्याण के लिए प्रामाणिकता से निःस्वार्थ कर्म करना मानव धर्म : देश के लिए समाज के लिए धर्म के लिए विश्व के कल्याण के लिए प्रामाणिकता से निःस्वार्थ कर्म करना मानव धर्म है। ये करना है, उसके लिए हमें भी उसके लिए सशक्त बनना पड़ेगा। इसके लिए शरीर को स्वस्थ रखना, निर्भय रखना। किसी के प्रति द्वेष मत रखना। यही कर्तव्य है, इससे चूकना नहीं। बुद्धि को ऐसा रखना कि हमको कोई बरगला न सके। कोई ठग न सके। भगवान श्रीराम ने सभी को जोड़ा। किसी में परायापन नहीं देखा। सभी को गले लगाया। श्रीराम ने समाज को जोड़ा है। महिलाओं की उपेक्षा नहीं की, उन्हें यथोचित स्थान दिया। श्रीराम ने सबके मन को अपने मन से जोड़ा। हमसभी को भी ऐसा करना होगा। यहां रहनेवाले सभी लोग अपने हैं। सभी को अपना मानकर उनके साथ प्रेम का व्यवहार करना चाहिए। ये दो काम हम करेंगे जो प्रभु श्रीराम ने किया था। इसलिए जब जो करना है, इसके लिए जो-जो शक्ति चाहिए वह पुभु श्रीराम की कृपा से अपने आप हममें अवतरित हो जाएगी। संतों की बातें सुनने के बाद यही सार मिला कि हम गुणवान बनें, हम सबको जोड़ें। तभी भारत संपन्न बन पाएगा।

कैबिनेट की बैठक : 40 एजेंडों पर लगी मुहर, 500 से अधिक नए पदों के सृजन की स्वीकृति

औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर 466 करोड़ रुपये खर्चेगी बिहार सरकार

- बिहार फाइलेरिया निरीक्षक संवर्ग संशोधन नियमावली 2022 की स्वीकृति
- राज्य के 11 सदर अस्पतालों में ओटी असिस्टेंट के 44 पदों के सृजन की स्वीकृति
- बिहार विधान मंडल सदस्यों के वेतन भत्ता पेंशन नियमावली में संशोधन

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 40 एजेंडों की स्वीकृति दी गई। बैठक में सरकार को पूरा ध्यान विभिन्न संस्थानों में पदों के सृजन पर रहा। इसमें 500 से अधिक नए पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहतबिहार मद्ध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत विशेष न्यायालय हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के 8 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए 465 करोड़ 86 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति तथा 232 करोड़ 93 लाख रुपये बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम की स्वीकृति दी गई है। बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग 2 की भर्ती नियमावली में संशोधन करते हुए संविदा नियोजित कर्मियों को नियमित नियुक्ति में अधिमानता दिए जाने की स्वीकृति दी गई है। बिहार के 11 सदर अस्पतालों में ओटी असिस्टेंट के 44 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

50 शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर इंजीनियरिंग कॉलेज बेगूसराय में केमिकल इंजीनियरिंग, नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज चंडी में एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग एवं शेर शाह इंजीनियरिंग कॉलेज सासाराम में माइनिंग इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए प्रति संस्थान 12 अतिरिक्त पद के सृजन यानी 36 शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राजकीय पॉलिटेक्निक बरौनी एवं मुंगेर में फायर टेक्नोलॉजी एंड सेफ्टी पाठ्यक्रम में 14 शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

पूरे देश में जातीय आधारित जनगणना जरूरी: नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दिये जाने वाले आरक्षण से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। सीएम नीतीश कुमार ने इसके साथ ही यह भी कहा कि आरक्षण के 50 प्रतिशत वाले दायरे को बढ़ा देना चाहिए। नीतीश कुमार ने मंगलवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण तो पहले ही दे दिया गया था। वो ठीक है, लेकिन अब एकबार जाति आधारित जनगणना होना जरुरी है। नीतीश कुमार ने कहा कि पूरे देश में जातीय आंकलन जरुरी है ताकि आबादी के हिसाब से सब हो सके।

बिहार के 37 न्याय मंडलों में 37 ऑफिस इंचार्ज एवं 37 टेक्निकल असिस्टेंट सह कोऑर्डिनेटर समेत 74 स्थाई पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। योजना एवं विकास विभाग में कनीय क्षेत्रीय अन्वेषक के पूर्व से स्वीकृत 235 पदों को 235 प्रखंडों में एक-एक पद सृजित करते हुए शेष 299 प्रखंडों के लिए एक-एक पद यानि कुल 299 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। ब्रजकिशोर नारायण सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालगंज एवं सीतामढ़ी पॉलिटेक्निक संस्थान के लिए 14 अतिरिक्त टेक्निकल पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। सचिवालय एवं निदेशालय में पदस्थापित पदाधिकारियों को घरेलू सहायता भत्ता भुगतान की स्वीकृति दी गई है। बिहार विधान मंडल सदस्यों के वेतन भत्ता पेंशन नियमावली में संशोधन किया गया है।

बिहार खेल विश्वविद्यालय के लिए 31 पदों के सृजन की स्वीकृति

बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर के प्रशासनिक कार्यों के लिए कुल 31 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। जन वितरण प्रणाली में 5 वर्षों के लिए रेंट बेसिस पर ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक तराजू का अधिष्ठापन तथा ई-पॉस यंत्र के के लिए 110 करोड़ 54 लाख रुपए व्यय की स्वीकृति दी गई है। खनिज विकास पदाधिकारी के 9 पद, सहायक निदेशक के 3 पद, उपनिदेशक के 11 पद एवं अपर निदेशक के 2 पद पर बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी नियुक्ति की स्वीकृति दी गई है। बिहार के 77 अग्नि संवेदनशील थानों के लिए 46 करोड़ 20 लाख से अग्निशामक वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तहत कनीय अभियंता के 4 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम को शिक्षा ऋण हेतु 200 करोड़ रूपए बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृति दी गई है।

चार डॉक्टरों को किया गया सेवा से बर्खास्त

ठाकुरगंज पीएससी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निर्मल कुमार को बर्खास्त किया गया है। वहीं सदर अस्पताल गोपालगंज के चिकित्सक डॉ प्रमोद झा को भी गैरहाजिर रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद यादव चिकित्सा पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर को भी बर्खास्त किया गया है। अररिया सदर अस्पताल के डॉ गौतम सरीन प्रसाद को भी बर्खास्त किया गया है। बिहार फाइलेरिया निरीक्षक संवर्ग संशोधन नियमावली 2022 की स्वीकृति दी गई है। सिविल विमानन निदेशालय में मुख्य विमान चालक के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन की स्वीकृति दी गई है।

तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को पटना साहिब तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने गुरु के दरबार में मत्था टेक जोहरी राय दीवान हॉल का उद्घाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जगत गुरु नानक देव जी महाराज देशभर में ऊंच-नीच के भेदभाव को खत्म किया था। उन्होंने कहा कि गुरुदेव गुरु नानक जी महाराज सभी धर्मों को इज्जत सम्मान करते थे। इसलिए विश्व भर में उन्हें जगतगुरु के नाम से जाना जाता है। गुरु नानक देव जी महाराज का 554 जयंती के उपलक्ष्य में पटना साहिब गुरुद्वारा में प्रकाश उत्सव पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। मंगलवार को प्रकाश उत्सव पर्व का मुख्य कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी को दी जन्मदिन की बधाई

एजेंसी नई/दिल्ली

भाजपा के सीनियर नेता और मार्गदर्शक मंडल के सदस्य लालकृष्ण आडवाणी का मंगलवार को जन्मदिन था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पूर्व डिप्टी पीएम आडवाणी की जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पहुंचे। सिंह ने ट्वीट करके खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदरणीय आडवाणीजी के आवास पर जाकर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। मैं भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी आयु की कामना करता हूं। राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके कहा, 'श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को उनके जन्मदिवस पर ढेरों शुभकामनाएं। उनकी गिनती भारतीय राजनीति की कद्दावर हस्तियों में होती है। देश, समाज और दल की विकास यात्रा में उनका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करता हूं।' गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके सीनियर लीडर आडवाणी को बधाई दी।

बनारस में दारोगा को गोली मार पिस्टल लूट फरार हुए बदमाश

वाराणसी। मंगलवार की शाम वाराणसी के लक्सा थाने में तैनात दारोगा को गोली मारकर पिस्टल लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। वारदात की जानकारी मिलते ही खलबली मच गई। पुलिस ने नाकेबंदी कर चेकिंग अभियान भी चलाया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। वारदात रोहनिया थाना क्षेत्र के जगतपुर के पास मंगलवार शाम हुई। वारदात को बाइक सवार तीन बदमाशों ने अंजाम दिया। दारोगा अजय यादव का रोहनिया में प्लाट है। यहां पर काम चल रहा है लेकिन मंगलवार को लेबर मिस्त्री नहीं थे। दारोगा जैसे ही अपने प्लाट के पास पहुंचे पीछे-पीछे आ रहे तीन मोटरसाइकिल सवार बदमाशों से उनकी किसी बात पर नोकझोंक होने लगी। दारोगा ने दो लोगों को पकड़ लिया और नहर में कूद गए।

दुश्मनी भुलाकर जिगरी यार की तरह मिले आनंद मोहन और पप्पू यादव

केटी न्यूज/पटना

कभी एक-दूसरे के जानी दुश्मन रहे आनंद मोहन और पप्पू यादव मंगलवार को जब मिले तो ऐसा लगा मानों अपने बीच के सभी गिले-शिकवे वे भूल गए हैं। मिले तो बिल्कुल जिगरी यार की तरह। न केवल मिले, बल्कि एक-दूसरे को गले लगाकर हालचाल पूछा। कुछ देर तक हंसी ठिठोली का दौर भी चलता रहा। दरअसल दोनों की मुलाकात 20 बीस साल हुई। पूर्व सांसद आनंद मोहन की बेटी की सगाई में शामिल होने पहुंचे थे पप्पू यादव। कभी दोनों की बंदूक वाली राजनीतिक लड़ाई से हिलता था बिहार। ये दोनों एक दूसरे से लड़ते हुए सियासी तौर पर बड़े बने। एक फॉरवर्ड यानी अगड़ों का तो दूसरा बैकवार्ड यानी पिछड़ों का नेता बना। दोनों ने एक दूसरे की जान लेने की भी कई बार कोशिश की। दोनों की दुश्मनी उस जमाने की सबसे बड़ी और तगड़ी लड़ाई थी। जिसमें राजनीति और बंदूक दोनों साथ चल रहे थे।

2-3 अरबपति दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए की गई थी नोटबंदी: राहुल गांधी

दिल्ली। नोटबंदी के 6 साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता ने मंगलवार को नोटबंदी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 2-3 अरबपति दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया था। उन्होंने अपने ट्वीट में पीएम मोदी पर तंज कसते हुए 'पेपीएम' लिखा है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 को अर्थव्यवस्था में भ्रष्टाचार और काले धन की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 500 और 1,000 रुपये के नोटों को चलन से बाहर कर दिया था।

आतंकवाद से पीड़ित परिवारों के बच्चों को मेडिकल कोर्सेज में मिलेगा आरक्षण

एजेंसी/नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से पीड़ित परिवारों को राहत देते हुए गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अब केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस जैसे मेडिकल कोर्सेज में एडमिशन के लिए आतंकवाद से पीड़ित परिवारों के बच्चों को आरक्षण दिया जाएगा। यह फैसला फिलहाल अकादमिक वर्ष 2022-23 के लिए लागू रहेगा। यह आगे भी लागू रहेगा या नहीं, इस पर भविष्य में फैसला लिया जाएगा। होम मिनिस्ट्री के फैसले के मुताबिक आतंकवाद से पीड़ित लोगों के पति अथवा पत्नियों या फिर बच्चों को आरक्षण दिया जाएगा। होम मिनिस्ट्री की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन को एलजी मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाली सरकार ने भी मंजूरी दे दी है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि उन बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्होंने आतंकी हमलों में अपने दोनों पैरेंट्स को खो दिया हो। यदि किसी परिवार के इकलौते कमाने वाले शख्स की आतंकवादी हमले में मौत हुई है या फिर वह दिव्यांग हो गया है तो उसके परिजनों को भी यह कोटा मिलेगा। यह कोटा उन लोगों को मिलेगा, जो जम्मू कश्मीर के स्थायी निवासी होंगे। इसके वाला केंद्र शासित प्रदेश में रहने वाले राज्य और केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं अन्य विभागों के एंप्लॉयीज के परिजनों को भी यह कोटा मिलेगा।

सरकार ने बताया, कोटे के लिए कितने नंबर हैं जरूरी: सरकार की ओर से इस कोटे के लाभ के लिए न्यूनतम योग्यता भी तय की गई है। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी या बायो टेक्नोलॉजी जैसे विष?ों में कम से कम 50 फीसदी अंक हासिल करने वाले लोगों को ही यह आरक्षण मिलेगा। बता दें कि एससी, एसटी, ओबीसी के लिए 40 फीसदी अंकों की सीमा तय की गई है। वहीं दिव्यांग वर्ग के लिए 45 फीसदी अंक होना जरूरी है।

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत

आरा। आरा स्टेशन और जगजीवन हाल्ट के बीच सोमवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान नहीं हो सकी। उसकी उम्र करीब 50 साल बतायी जा रही है। घटना को लेकर लोगों के बीच देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर रेल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस शव की पहचान करने में जुटी है। रेल पुलिस के अनुसार महिला की मौत किसी चलती ट्रेन की चपेट में आने और सिर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो जाने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

जदयू के नेताओं ने निर्वाचन प्रणाली पर की चर्चा

आरा। महानगर जदयू का निर्वाचन प्रदेश पर्वेक्षक राजेंद्र सिंह जॉर्ज ने बाइपास रोड स्थित कार्यालय में एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महानगर जयप्रकाश चौधरी ने की। बैठक में अगामी 20 नवम्बर को होनेवाली जिलाअध्यक्ष के निर्वाचन एव 16 नवम्बर को महानगर सेक्टर अध्यक्षों की निर्वाचन प्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। आरा महानगर में जदयू संगठन को मजबूत करने हेतु आवश्यक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। बैठक में महानगर उपाध्यक्ष बृजकिशोर चौधरी, कमलेश कुशवाहा, महासचिव राकेश पाण्डेय, डॉ. प्रकाश रंजन, सियाराम मिश्रा, जीतेंद्र शर्मा, प्रदेश सचिव अशोक शर्मा, शैलेंद्र निषाद, राजेश बिन्द, कौशल कुशवाहा, जीतेंद्र चन्द्रवंशी, सुभाष ओझा, राकेश ठाकुर, रबिन्द्रनाथ चौधरी, अवध शर्मा, संजय कुमार, जंगबहादुर यादव एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैंक के अंदर गई रसोइया की जान

रोहतास। जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड, डालमियानगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में पैसा निकालने आई एक 58 साल महिला की अचानक मौत हो गई। महिला मंगलवार को बैंक के निकासी काउंटर पर लाइन में खड़ी थी, अचानक वह गिर पड़ी। लोग जब तक कुछ समझते तबतक उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की बात सामने आने पर पर बैंक में अफरा-तफरी मच गई। बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। मृतका के साथ आई अन्य महिला ने परिजनों को सूचना दी। मृतका का नाम चंपा कुंअर है। वह नासरीगंज के घरी गांव की रहने वाली थी। साथ ही, गांव के स्कूल में रसोईया के रूप में काम करती थी। वो एक अन्य महिला के साथ वह बैंक में विधवा पेंशन निकालने आई थी।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

सासाराम। जिले के डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार दोपहर पाली गुमटी पर ट्रेन की चपेट में आ एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल, डेहरी पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है, दुर्घटना में उसका चेहरा क्षत-विक्षत हो गया है। घायल युवती की पहचान हो गई है, उसके परिजन अस्पताल पहुंच गए हैं।

कृमि के कारण बच्चों का पठन-पाठन होता था प्रभावित, लेकिन अब स्थिति में हुआ सुधार

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत 11 नवंबर को चलाया जायेगा मॉपअप राउंड
- डीआईओ ने की छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों से अनिवार्य रूप से अल्बेंडाजोल खिलाने की अपील

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत बीते दिन एक से 19 साल तक के बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। वहीं, इस अभियान में छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाने के लिए 11 नवंबर को मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। ताकि, जिले का कोई भी बच्चा दवा खाने से वंचित न रहे। इस संबंध में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेशित किया जा चुका है। साथ ही, कार्यक्रम के तहत आईसीडीएस से भी समन्वय स्थापित कर एक से पांच साल तक के बच्चों को दवा लिखाई जाएगी। बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने के लिए सभी संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों और सेविकाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया है। एक से दो साल तक के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी गोली पीसकर पानी के साथ देनी है। वहीं दो साल से 19 साल तक के सभी बच्चों को पूरी गोली चबाकर पानी के साथ खिलानी है। हालांकि, इस बीच यह ध्यान रखा जाए कि बच्चा खाली पेट न हो।

कृमि मुक्ति के लिए दी जाने वाली दवा सुरक्षित

सदर प्रखंड स्थित पांडेयपट्टी अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक कमल कुमार ने बताया, ग्रामीण इलाकों में कृमि मुक्ति कार्यक्रम को लेकर अभी भ्रांतियां व्याप्त है। अभिभावकों में डर रहता है कि कृमि मुक्ति की दवा खाने से कहीं उनका बच्चा बीमार न हो जाए। लेकिन, ऐसा कुछ भी नहीं है। कृमि मुक्ति के लिए दी जाने वाली दवा सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि पहले कृमि से प्रभावित बच्चे पेट दर्द व इससे संबंधित बीमारियों से अधिक परेशान रहते थे। जिसके कारण आए दिन स्कूल में बच्चों की संख्या कम रहती थी। लेकिन, अब स्थिति में सुधार हुआ है। सरकार के राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम चलाने के बाद इस तरह की शिकायतों में बहुत हद तक गिरावट आई है। अब अधिकांश बच्चों में कृमि की शिकायत नहीं मिलती।

कृमि के कारण भी होती है एनीमिया की शिकायत

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया, ग्रामीण इलाकों में बच्चों के साथ सभी उम्र के लोग कृमि से ग्रसित हो सकते हैं। क्योंकि यहां की मिट्टी, पानी व वातावरण के कारण बच्चे और बड़े दोनों हुकवर्म, टैप वर्म व अन्य प्रकार के कृमि से ग्रसित हो सकते हैं। दूसरी ओर, कृमि के कारण बच्चे और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की भी शिकायत होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में बच्चों के अलावा अन्य लोग गौशाला सहित चापाकल के, शौचालय व अन्य गंदी जगहों पर नंगे पांव जाते हैं। जिसके कारण हुक वर्म और राउंड वर्म जैसे कृमि शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। यह कृमि रक्त कोशिकाओं को अपना भोजन बनाते हैं। जो एनीमिया का कारण बनता है। इसलिए सरकार कृमि मुक्ति अभियान चलाती है।

पिता के बयान पर किशोर के दोस्त के खिलाफ दर्ज करायी गयी प्राथमिकी

बलबतरा में पतंग उड़ाने के विवाद में सनकी युवक ने की चाकू गोदकर किशोर की हत्या

- सोमवार की शाम दुकान से ले जाकर चाकू मार की गयी थी किशोर की हत्या

केटी न्यूज/आरा

अस्पताल में परिजनों से जानकारी लेते एएसपी

जिला मुख्यालय के नगर थाना अंतर्गत बरहबतरा मोहल्ले में सोमवार की देर सनकी युवक ने एक किशोर की चाकू से गोदकर हत्या डाली। दोनों के बीच शाम में पतंग उड़ाने को लेकर विवाद हुआ था। जिससे नाराज सनकी युवक ने वारदात को अंजाम दिया। मृत किशोर की पहचान इरशाद हुसैन के बेटे सैफ हुसैन उर्फ राजा के रूप में की गई। जो वारदात से पहले दोपहर में अपने दोस्त बलबतरा निवासी जमीरूद्दीन के बेटे रिजवान के साथ दोपहर में पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान रिजवान ने सैफ को गाली दी। जिसका उसने विरोध किया और घर लौट आया। शाम में सैफ अपने पिता का हाथ बटाने के लिए अपनी चाउमिन की दुकान पर चला गया। इस बीच, शाम में रिजवान भी उनके दुकान पर पहुंचा और सैफ को बुला कर अपने साथ खेत की ओर ले गया। खेत में जाकर रिजवान सैफ की पिटाई करने लगा। जब सैफ शोर मचाने लगा, तब रिजवान ने उसे चाकू घोंप दिया। सैफ की आवाज सुन कर लोग खेतों की ओर भागे। जिसे देख रिजवान वहां से भाग निकला। खून से लथपथ देखकर लोग सैफ को तत्काल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घर से ही पकड़ा गया हत्यारा दोस्त

चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल आने से पूर्व ही किशोर की मौत हो गई थी। मामले की जानकारी आग की तरह शहर में फैल गई। किशोर की मौत खबर सुनने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। इधर, वारदात की सूचना मिलते ही एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पिता से पूरे मामले की जानकारी ली। मृतक के पिता ने बताया कि घटना के पूर्व सैफ का दोस्त रिजवान उसे बुलाकर ले गया था।

जिसके बाद पुलिस ने रिजवान की तलाश में इलाके में छानबीन शुरू की। पुलिस ने रिजवान को उसके घर दबोच लिया। जिसके बाद पूछताछ करने पर रिजवान में हत्या में प्रयुक्त चाकू भी पुलिस को सौंपा। जिसे उसने पानी से अच्छे तरीके से साफ कर दिया था।

आरोपी ने कबूल किया अपना जुर्म

मामले में एएसपी हिमांशु ने बताया कि वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ की। जहां परिजनों ने रिजवान पर हत्या की आशंका जताई। जिसके बाद उसकी तलाश की गई। जहां आरोपी को उसके घर से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया।

जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार की सुबह उसे कोर्ट के समझ प्रस्तुत किया गया।

छोटी खबरें

जमीन विवाद में फायरिंग के उद्देश्य से युवक लहरा रहा था कट्टा, महिला ने छीना

जहानाबाद। जिले के कल्पा ओपी क्षेत्र के खिदरपुरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों का विवाद एक महिला के साहस की बदौलत खूनी रूप नहीं ले सका। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमीन को लेकर विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा होने लगा। जिसमें एक पक्ष की ओर से एक शख्स ने फायरिंग के उद्देश्य देसी कट्टा लहराने लगा। वह फायरिंग करने ही वाला था कि वहां मौजूद रुकुम कुमारी ने साहस का परिचय देते हुए उससे हथियार छीन ली। हो-हंगामा सुनकर ग्रामीण भी वहां जुट गए। लोगों को आते देख हथियार लहराने वाला व्यक्ति फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस को हथियार सुपुर्द कर दिया गया। रुकुम कुमारी ने बताया मेरे पिता ने गांव के दो व्यक्ति को ढाई कट्ठा जमीन बेचा था, लेकिन जमीन बेचने के बाद मेरे चाचा ने उन लोगों को जमीन कब्जा नहीं करने दे रहें है। इसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। रुकुम कुमारी ने बताया कि जब जमीन कब्जा करने की बात की गई तो मेरे चाचा रामबाबू जमीन पर पहुंच कर मेरे भाई एवं मेरे साथ मारपीट करते हुए हथियार निकाल कर मेरे भाई पर फायरिंग करना चाहे तभी मैं अपने चाचा को पकड़ कर हथियार छीन लिया।कल्पा ओपी की पुलिस ने बताया कि एक देसी कट्टा,चार जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया है। महिला की बहादुरी की चर्चा इलाके में जोर- शोर से हो रही है। इधर पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

स्वर्ण व्यवसायी की हत्या की जानकारी लेने पहुंचे व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

आरा। जिला के प्रतिष्ठित स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के मामले की जानकारी लेने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय साहू व्यवसायी के घर पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों और पार्टी के सदस्यों से घटना की पूरी जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने डिप्टी सीएम को पूरे घटना क्रम से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अपराधी कोई भी हो, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में जिले के व्यवसायियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है और उन्होंने जिलाधिकारी से बात कर तुरंत व्यवसायिक समाज के परिवार को गार्ड और लाइसेंसी हथियार दिलवाने में भरपूर सहयोग करने का वादा किया है। साथ ही, राज गौरव टाइगर प्रदेश प्रवक्ता राजद प्रदेश उपाध्यक्ष आपदा प्रकोष्ठ के नेता ने भी यह सहमति जताए व्यवसायियों से मिलकर उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जनकारी उपमुख्यमंत्री को दी जा रही है। उन्होंने एसपी से संवाद कर त्वरित कार्रवाई करने का वादा किया है। इस दौरान पूर्व विधायक अनवर आलम, जगदीशपुर विधायक राम मनोहर लोहिया, जिला परिषद उपाध्यक्ष लाल बिहारी यादव, भुनेश्वर यादव, सुभाष यादव, शैलेन्द्र समेत अन्य मौजूद रहें।

गरीब सवर्णों को समाजिक आर्थिक समानता लाने के लिए ईडब्ल्यूएस जरूरी

अरवल। सुप्रीम कोर्ट का फैसला गरीब स्वर्णों को आरक्षण का लाभ मिलता रहेगा। पक्ष में फैसला आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता भास्कर कुमार ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि गरीब सवर्णों को समाजिक आर्थिक समानता लाने के लिए ईडब्ल्यूएस बहुत जरूरी है। आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्ण समाज को शिक्षा एवं नौकरी में 10 % आरक्षण जो भाजपा की सरकार ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो ऐतिहासिक फैसला लिया, वह भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। देश के आजादी के बाद गरीब सवर्णों को 10% शिक्षा एवं नौकरी में आरक्षण देकर अद्भुत एवं सराहनीय कार्य किया। आज सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को सही करार देकर गरीब सवर्णों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया है। इस कार्य के लिए भाजपा परिवार सुप्रीम कोर्ट को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं बधाई देती है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस देश के गरीब सवर्णों को जो हथियार ईडब्ल्यूएस के रूप में दिया है। उससे स्वर्ण समाज भी काफी हद तक मजबूत एवं सफल होगा। भाजपा सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है।

भोजपुर के पूर्व विधायक अरुण यादव से ईडी ने की पूछताछ

- कोर्ट के आदेश पर टीम ने सदर अस्पताल में की पूछताछ, आय से अधिक संपत्ति का मामला

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के संदेश के पूर्व राजद विधायक अरुण यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। नाबालिग से रेप के मामले में जेल में बंद पूर्व विधायक के खिलाफ अब ईडी का भी शिकंजा कसने वाला है। इस मामले में कार्रवाई भी शुरू हो गयी है। इस सिलसिले में ईडी की टीम द्वारा सोमवार को पूर्व विधायक से पूछताछ की गयी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि किन मामले में पूछताछ की गयी। वैसे सूत्रों के अनुसार आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूछताछ के कयास लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद तीन सदस्यीय टीम द्वारा पूछताछ की गयी। इस क्रम में टीम पहले मंडल कारा पहुंची। उसके बाद सदर अस्पताल पहुंच टीम द्वारा पूर्व विधायक से पूछताछ की गयी। बताया जा रहा है कि मंडल कारा पहुंची ईडी की टीम द्वारा जेल अधीक्षक से भी पूर्व विधायक के बारे में जानकारी ली गयी। बता दें कि संदेश के पूर्व विधायक अरुण यादव फिलहाल नाबालिग से रेप के मामले में आरोपित हैं।

सरेंडर करने के बाद कोर्ट के आदेश पर वह फिलहाल आरा सदर अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। उस मामले में उनके खिलाफ गवाही भी शुरू हो गयी है। मालूम हो कि 18 जुलाई, 2019 को आरा की एक नाबालिग से पटना में देह व्यापार का धंधा कराने का मामला सामने आया था।

रिटायर शिक्षक की हत्या में छह के खिलाफ प्राथमिकी, तीन गिरफ्तार

- शिक्षक के बेटी के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में जमीन के विवाद में हत्या का आरोप
- अन्य आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस, की जा रही छापेमारी

केटी न्यूज/आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी के फ्रेंड्स कॉलोनी (अमीरचंद कोठी के पीछे) में रहने वाले रिटायर शिक्षक की हत्या में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। शिक्षक सिद्धनाथ राय की

पुत्री पुष्पांजलि कुमारी के बयान पर छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी करायी गयी है। इनमें सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के निर्भयडिहरा गांव निवासी महेंद्र राय, उनके भाई योगेंद्र राय, पुत्र आशुतोष कुमार, चंदन कुमार, संतोष कुमार और योगेंद्र राय के पुत्र बाल भगवान को नामजद किया गया है। पांच-छह अज्ञात लोगों भी को आरोपित किया गया है। भूमि विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया गया है। सभी आरोपित शिक्षक के ससुराल के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनमें महेंद्र राय उनके पुत्र आशुतोष कुमार और संतोष कुमार उर्फ भास्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर घटना की वजह और शामिल सभी लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।? शूटर और हत्या में इस्तेमाल हथियार के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

बताया जा रहा है कि मूल रूप से सहार के कोरनडिहरी गांव निवासी रिटायर शिक्षक काफी सालों से अमीरचंद कोठी के पीछे मकान बना कर रहते हैं। उनको अपने ससुराल में कुछ जमीन है। उसे लेकर विवाद चल रहा था। उसी विवाद में उनकी हत्या किये जाने की बात कही जा रही है। बता दें कि सोमवार की शाम फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी रिटायर शिक्षक अपने घर में थे।

तभी कुछ लोग बाइक से पहुंचे और दरवाजा खुलवा कर शिक्षक को गोली मार दी। सीने में गोली लगने से शिक्षक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। सदर अस्पताल में इलाज के बाद पटना ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। उसके बाद एसपी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर ही नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस छापेमारी में जुट गयी थी। उस दौरान तीन बाप-बेटों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की छानबीन व अन्य आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है।

महेंद्र और योगेंद्र ने ललकारा, तो बाल भगवान ने मारी गोली: शिक्षक की पुत्री पुष्पांजलि कुमारी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि सोमवार की शाम वेलोग अपने घर में बैठे थे। शाम करीब छह बजे सभी आरोपित उनके दरवाजे पर चढ़ गये और उनका नाम लेकर गाली देने लगे। उस पर उसके पिता द्वारा खिड़की खोली गयी, तो महेंद्र राय और योगेंद्र राय ललकारने लगे। उसके बाद बाल भगवान द्वारा उसके पिता के पेट में गोली मार दी गयी। उसके बाद सभी आरोपित भाग गये। गोली लगने के बाद उनको अस्पताल ले गया।

योजना : सभी प्रखंड में पांच वर्षों के लिए बनाए जाएंगे किसान उत्पादन संगठन

- किसान उत्पादन संगठन के सफल क्रियान्वन के लिए जिलाधिकारी ने की समीक्षा
- काको, मोदंगंज, घोषी एवं हुलसगंज में नए संगठन बनाने का दिया लक्ष्य

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिला पदाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किसान उत्पादन संगठन के सफल क्रियान्वन हेतु जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिसमें संबंधित पदाधिकारीयों के साथ समीक्षा की गई। केंद्र सरकार की 10000 किसान उत्पादन संगठन बनाने की योजना के तहत पूरे देश में दस हजार किसान उत्पादन संगठन सभी प्रखंड में पांच वर्षों में बनाए जानें हैं। इसके तहत वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में जहानाबाद जिले के लिए तीन किसान उत्पादन संगठन यथा जहानाबाद, मखदुमपुर एवं रतनी फरीदपुर में स्वीकृत किया गया था। इन तीनों किसान उत्पादन संगठनों का पंजीयन का कार्य हो गया है एवं ये एफपीओ (फार्मर प्रोडक्शन ऑर्गेनाइजेशन) क्रमशः जहानाबाद, मखदुमपुर एवं रतनी फरीदपुर प्रखंडों में कार्य कर रहे हैं। सभी गठित एफपीओ के द्वारा 300 सदस्य बनाए गये हैं। वो सभी जमीनी स्तर पर कार्य कर रहें है। बैठक में जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में जहानाबाद जिले में वर्ष 2022-23 में शेष चार प्रखंडों यथा काको, मोदंगंज, घोषी एवं हुलसगंज में नए किसान उत्पादन संगठन बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

जिला अनुश्रवण समिति द्वारा चारों प्रखंडों में किसान उत्पादन संगठन गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया है एवं जिला स्तर से अनुमोदित किया गया। उक्त अनुमोदन के बाद इस योजना के अंतर्गत जहानाबाद जिले के सभी प्रखंडों में किसान उत्पादन संगठन का गठन हो एफपीओ में कम से कम 300 तथा अधिक से अधिक 750 सदस्य हो सकते हैं। जिसके अनुसार भारत सरकार मैचिंग ग्रांट उपलब्ध कराएगी, ताकि उसका उपयोग एफपीओ संवर्धन में कर सकें। जिससे किसानों को संगठित तौर पर कार्य का लाभ एवं आय में वृद्धि हो सके। साथ ही भविष्य में एफपीओ के माध्यम से व्यवसाय कर किसानों को संगठित रूप से रोजगार उत्पाद का अच्छा मूल्य मिले।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि जहानाबाद जिले में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना वन डिस्टिक, वन प्रोडक्ट के तहत चयनित मशरूम की खेती से सभी किसान लाभान्वित हो। साथ हीं वैसे उत्पादन पर बल देने का निदेश दिया गया जिसके उत्पाद लागत से आय ज्यादा आ सके। उक्त बैठक में जिला पदाधिकारी के साथ साथ जिला कृषि पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीडीएम, नाबार्ड, जिला सहकारिता पदाधिकारी, वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, गंधार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

हर दिन बर्बाद हो रहा है पेयजल

डुमरांव। शहर में खुले नलके व फटे पाइप सरकार के जल संचयन की नीति के आड़े आ रहे है। एक तरफ राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए जल जीवन हरियाली जैसी महत्वपूर्ण योजना चला रही है तो दूसरी तरफ स्थानी प्रशासन व पीएचईडी विभाग की उदासीनता से हर दिन हजारों लिटर शुद्ध पेयजल जमीन पर गिर बर्बाद हो रहा है। नगर परिषद के नए बने प्रशासनिक भवन के साथ ही राज हाई स्कूल के पास पूरे दिन फटे पाइपों से पानी बर्बाद हो रहा है। राज हाई स्कूल के पास तो इस कारण जलजमाव की समस्या भी गंभीर होने लगी है। सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर आजाद ने फटे पाइपों के मरम्मत की मांग की है।

भोजपुर सिमरी पथ के दोहरीकरण की मांग

सिमरी। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय को अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क सिमरी भोजपुर पथ के दोहरीकरण की मांग जोर पकड़ने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में इस पथ में वाहनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। जबकि सड़क काफी संकीर्ण हो चुकी है। हर समय इस पर बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। जिससे जाम के साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। भाजपा नेता अनु तिवारी ने इस पथ के उपयोगिता तथा वाहनों की अधिक संख्या को देखते हुए इसके दोहरीकरण की मांग राज्य सरकार व जिला प्रशासन से की है।

सब्जी मंडी में सुविधाओं का अभाव

डुमरांव। नया भोजपुर स्थित अनुमंडल के सबसे बड़े सब्जी मंडी में सुविधाओं की घोर कमी है। निजी जमीन पर चलने वाले इस सब्जी मंडी में हर दिन हजारों किसान व सब्जी विक्रेता आते है। लेकिन उनके बैठने से लेकर शौचालय व पेयजल तक की समस्या यहा गंभीर है। बता दें कि सब्जी मंडी में न तो शौचालय की व्यवस्था है और न ही पेयजल का ही कोई साधन है। जबकि इस जगह से हर दिन लाखों रूपए के सब्जी की खरीद बिक्री होती है तथा अनुमंडल भर से सब्जी विक्रेता व उत्पादक किसान यहां खरीद बिक्री करने आते है। शौचालय के अभाव में उन्हें खुले में शौच करने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

पौधरोपण कर मनाया शादी की वर्षगांठ

डुमरांव। अनुमंडल के प्रतापसागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल के निदेशक डॉ. आरके सिंह व उनकी पत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने अपने शादी के पच्चीसवीं वर्षगांठ अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर मनाई। इस मौके पर दंपति ने अपने हाथों कई फलदार व छायादार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण एकमात्र उपाय है। उन्होंने लोगों को जन्मदिन, शादी की सालगिरह तथा अन्य महत्वपूर्ण मौकों पर वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान उनके अस्पताल के कई कर्मी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। लोगों ने दोनों को शादी की सालगिरह की बधाई भी दी है।

कजियां धाम का वार्षिकोत्सव : मध्य रात्रि से ही दर्शन व पूजन को उमड़े लाखों श्रद्धालु

- चंद्रग्रहण के सूतक दोष के बावजूद पूरे दिन लगी रही श्रद्धालुओं की आवाजाही
- पूरी रात सांस्कृतिक संध्या में गोते लगाते रहे श्रद्धालु

केटी न्यूज/डुमरांव

सूतक से पहले मंदिर में पूजा अर्चना करती श्रद्धालु

लाखों श्रद्धालुओं के अटूट आस्था का केंद्र बन चुके कजियां ठाकुरजी धाम का वार्षिकोत्सव मंगलवार को वैदिक विधान व ठाकुरजी श्री लक्ष्मीनारायण भगवान व उनके परम कृपापात्र बैकुंठवासी परम संत शिवशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के जयकारे से पूरे दिन इलाका गूंजायमान होते रहा। वैदिक मंत्रोच्चार, जयकारें तथा देश के कोने कोने से पधारे साधु संतों के कारण पूरे क्षेत्र में भक्ति रस की अविरल धारा बह रही थी। बता दें कि प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को कजियां ठाकुरजी महाराज का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस दिन बिहार यूपी समेत कई अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु दर्शन व पूजन करने आते है। इस बार भी यह परंपरा जीवंत रही। बल्कि मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण सुबह 8:29 से शाम 6:45 तक सूतक काल था। पूरे दिन चले सूतक काल के बावजूद दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन व पूजन किए। पूरे दिन भक्तों की आवाजाही लगी रहती थी।

मंदिर का कपाट बंद होने से श्रद्धालु मंदिर व यज्ञशाला की परिक्रमा कर व परम संत शिवशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज के प्रतिमा का दर्शन कर वापस लौट जा रहे थे। मंदिर प्रबंधन के ठुन्नू उपाध्याय ने बताया कि रात से ही श्रद्धालु आने लगे थे। सुबह में सूतक लगने को ध्यान में रख मध्यरात्रि को ही लक्ष्मीनारायण भगवान का कपाट दर्शन व पूजन के लिए खोल दिया गया था। सुबह 8:29 में यह कपाट बंद हुआ। जबकि वार्षिकोत्सव पर बनने वाले मुख्य प्रसाद खीर के लिए सैकड़ो क्विंटल दूध पर कुश रख संरक्षित रखा गया है। रात में प्रसाद बनेगा तथा बुधवार को पूरे दिन इसका वितरण किया जाएगा।

मान्यता है कि इस प्रसाद को ग्रहण करने से पूरे साल लोग आरोग्य रहते है तथा उन्हें विषैले जंतुओं के दंश का खतरा भी नहीं रहता है। इस कारण अगले दिन भी खीर का प्रसाद पाने के लिए यहा श्रद्धालु उमड़ेंगे। गौरतलब है कि इस मंदिर के साथ सबसे बड़ी मान्यता है कि सांप या बिच्छू जैसे विषैले जंतुओं के दंश के शिकार मरीजों का यहा सफल इलाज होता है। वार्षिकोत्सव के कारण पूरे दिन कोरानसराय से नारायणपुर पुल तक इस मार्ग पर जाम लगा रहा। वार्षिकोत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से यहा आए थे। जबकि चप्पे-चप्पे पर पुलिस तथा स्वयंसेवी भी मुश्तैद थे। जिस कारण श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। एहतियात के तौर पर पूरे दिन इस मार्ग पर वाहनों का प्रवेश वर्जित था। जबकि रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। जिसमें पूरी रात श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे।

नप के भ्रष्टाचार पर कसने लगा शिकंजा एडीएम ने की जांच; गिर सकती है गाज

लोक शिकायत के तहत जांच करने आए थे एडीएम प्रितेश्वर प्रसाद

- सफाई के लिए एनजीओ चयन समेत कई बिंदुओं पर हो रही है पड़ताल

केटी न्यूज/डुमरांव

नप कार्यालय में जांच के दौरान बैठे एडीएम व अन्य

भ्रष्टाचार व विकास के मंथर रफ्तार के लिए हाल में सुर्खियों में रहे डुमरांव नगर परिषद प्रशासन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लोक शिकायत के मामले में जिले के वरीय उपसमहर्ता प्रितेश्वर प्रसाद ने मंगलवार को नप कार्यालय पहुंच विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दिए है। इस दौरान वे ईओ मनोज कुमार, प्रधान सहायक दुर्गेश कुमार सिंह तथा वार्ड 25 के निवर्तमान पार्षद हरिशंकर प्रसाद से देर तक पूछताछ किए।

माना जा रहा है कि निवर्तमान पार्षद हरिशंकर प्रसाद ने लोक शिकायत में एनजीओ के चयन सहित कई अन्य मामलों में भ्रष्टाचार का आरोप लगा, लोक शिकायत में परिवाद दाखिल किया है। इसी परिवाद के तहत एडीएम पूछताछ करने आए थे। हालांकि, इस संबंध में नप की ओर से किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जा रही है। शाम में अचानक एडीएम को देख नप प्रशासन व कर्मियों की सांसे टंग गई थी। सूत्रों का कहना है कि करीब एक से डेढ़ घंटा तक एडीएम नप कार्यालय में रहे तथा इस दौरान ईओ, प्रधान सहायक तथा निवर्तमान पार्षद से पूछताछ के अलावे विकास एवं लोक शिकायत से जुड़े मामलों की फाइलों को खंगालते रहे। उनकी जांच के दौरान नप प्रशासन व कर्मियों के चेहरे पर तनाव बना हुआ था। वहीं, एडीएम ने बताया कि लोक शिकायत में दाखिल परिवाद के तहत वे जांच करने आए थे।

उजागर हो सकती है नप की अनियमितता व भ्रष्टाचार

हालांकि इस संबंध में एडीएम ने किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी। लेकिन, उन्होंने बताया कि जांच प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारियों को सौंपा जाएगा। सूत्रों की मानें तो यदि गहराई से जांच हो, तो सफाई के लिए एनजीओ समेत कई अन्य मामलों में नप प्रशासन की अनियमितता व भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है। गौरतलब है कि बोर्ड के भंग होने के बाद से लगातार निवर्तमान पार्षदों तथा संवेदकों की नप प्रशासन के प्रति शिकायतें बढ़ते जा रही है। लोक शिकायत में भी नप के कार्यशैली व भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतों की लंबी फेहरिस्त लगी हुई है। जब जांच शुरू होने के बाद लोगों में इस बात की उम्मीद बढ़ी है कि जल्दी ही इस कार्यालय के भ्रष्टाचार व लूट खसोट से पर्दा उठेगा। बहरहाल एडीएम का जांच प्रतिवेदन सार्वजनिक होने के इंतजार भी कई लोग कर रहे है।

छोटी खबरें

ब्रह्मपुर के शाह रहमत साईं बाबा मजार का सलाना उर्स संपन्न, हजारों लोगों ने मत्था टेका

ब्रह्मपुर। ब्रह्मपुर स्थित शाह रहमत साईं बाबा के मजार का सलाना उर्स मंगलवार को मनाया गया। साम्प्रदायिक सौहार्द के रूप में विख्यात ब्रह्मपुर के इस मजार के साथ यह मान्यता जुड़ी है कि यहां मत्था टेकने वालों की मन्नतें पूरी होती है। मन्नतें पूरी होने के बाद श्रद्धालु यहा चादर चढ़ाते है। यही कारण है कि सलाना उर्स में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए थे। यहां हिंदू और मुसलमान दोनों एक साथ इस उर्स में शामिल होते है तथा परंपरागत तरीके से चादर पोशी की जाती है। चादर पोशी के मौके पर वहां उपस्थित लोगों के जयकारे से माहौल भक्तिमय बन गया। ब्रह्मपुर रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर स्थित इस मजार पर हर दिन बड़ी संख्या में लोग मत्था टेकते हैं। मान्यता है कि साई बाबा के दरबार मे सभी की मन्नते पूरी होती है। साईं बाबा मजार शरीफ कॉमेडी के गद्दी नशीन जनाब सेख सैफ अली साहब एवं अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास ने बताया कि कमेटी की तरफ से दूर से आये मेहमानों को रहने खाने की मुफ्त इंतेजाम किए गए है। यहां बिहार के साथ बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश से काफी संख्या में लोग पहुंचे हुए हैं।

प्रगतिशील किसानों के खेत का दौरा कर कृषि उद्योग विकास समिति ने दिए कई सुझाव

बक्सर। मंगलवार को बिहार विधान सभा के कृषि उद्योग विकास समिति ने बक्सर जिले के चौसा प्रखंड स्थित प्रगतीशील किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को कई सुझाव भी दिए गए। जानकारी के अनुसार रामपुर के प्रगतिशील किसान प्रकाश राय के खेत पर पहुंची। समिति के सभापति सुदामा प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार से कहा कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सिंचाई का सर्वोतम साधन है। इस विधि से किसानों को पानी की बचत के साथ ही पौधे को आवश्यकतानुसार सिंचाई की सुविधा मिलती है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण प्रगतिशील कृषक प्रकाश राय और उनका खेत है। मौके पर प्रगतिशील कृषक प्रकाश राय के खेत में फ्रंन्ट लाईन डेमोन्स्ट्रेशन के दौरान वैज्ञानिक पद्धति से सब्जियां उगाई गई थी। डीएओ मनोज कुमार ने बताया कि फ्रंन्ट लाईन डेमोन्स्ट्रेशन (एफएलडी) उद्यान विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका मुख्य उदेश्य तापमान को नियंत्रित कर बेमौसम सब्जियों का उत्पादन लंबे समय तक करना है। इसकी कुल लागत पच्चीस लाख है। जिसपर 75 प्रतिशत अनुदान भी मिलता है। सभापति ने कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इनके खेत को रामपुर के रोल मॉडल के रुप में सुदृढ़ कर जिले के अन्य किसानों को इस पद्धति से रुबरु कराया जाएग। ताकी स्थानीय कृषक कैश क्रॉप का अत्यधिक उत्पादन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करे सके। मौके पर बिहार विधान सभा की कृषि उद्योग विकास समिति के सदस्य, पदाधिकारी एवं प्रतिशील कृषक उपस्थित थे।

खुलने से पहले ही उजड़ गयी ग्लेज्ड टाइल्स फैक्ट्री, लोगों में मलाल

उजड़ी हुई ग्लेज्ड टाइल्स फैक्ट्री

डुमरांव। नया भोजपुर के एनएच 84 से सटे ग्लेज्ड टाइल्स फैक्ट्री खोलने की संरचना तैयार की गयी। इसके लिए 10 एकड़ भूमि अधिग्रहण हुआ और वर्ष 1984 में केंद्र सरकार के तत्कालीन उद्योग मंत्री ने इसकी नींव रखी थी। समय के साथ फैक्ट्री की बड़ी-बड़ी इमारतें बन गई थी। मशीनों को भी फैक्ट्री में स्थापित कर दिया गया था। इस इलाके में फैक्ट्री के स्थापित होने से कामगारों को आस जगी और काम मिलने की उम्मीदों ने उनके चेहरे पर खुशी ला दी थी। इसी बीच सरकारों के असहयोग रवैये से इस फैक्ट्री पर ग्रहण लग गया और ग्लेज्ड टाइल्स फैक्ट्री शुरू होने से पहले ही बंद हो गयी। कई चुनाव गुजरने के बाद भी फैक्ट्री खोलने का चुनावी मुद्दा नही बन पाया, जिससे लोगों में मलाल है। तीन दशक से अधिक समय गुजरने के बाद भी इस इलाके के कामगरों की नजर इस फैक्ट्री पर टिकी है कि शायद उजड़े हुए चमन में फिर से उम्मीदों के फूल खिल उठे। करोड़ों रुपये के लागत से मंगाये गयी फैक्ट्री की मशीनों में जंग लग गयी, तो कई मशीनें चोरी हो गई है। भवन की एक-एक ईंट भी बिखर गयी है। फैक्ट्री के बदहाल स्थिति को देखते हुए इस परिसर में नया भोजपुर ओपी थाना की स्थापना की गयी ताकि शेष बचे सामानों को सुरक्षित बचाया जा सके। नया भोजपुर की जमीन पर ग्लेज्ड टाइल्स का सपना पूरा होता तो हजारों बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर का सपना साकार होता लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने इस पर पहल नहीं की।

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा को लेकर बीआरसी में हुई संघ की बैठक

ब्रह्मपुर। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक ब्रह्मपुर बीआरसी के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन शिक्षक राजकुमार प्रसाद ने की। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं एवं संघ की मजबूती पर विशेष रूप से चर्चा कर रणनीति तय की गई। कई वर्षों से 15 प्रतिशत एरियर का बकाया भुगतान की मांग की गई। स्नातक ग्रेड मे प्रमोशन नव नियुक्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का संधारण करने एवं बुढ़ापे की सहारा पुरानी पेंशन की मांग पर रणनीति तय की गई।

तियरा में खुला नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर, छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ

केटी न्यूज/राजपुर

स्टडी सेंटर का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य

अब राजपुर प्रखंड के छात्र भी नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी के स्टडी सेंटर में पढ़ाई कर सकेंगे। प्रखंड के तारा शिवशंकर इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार को इसके स्टडी सेंटर का उदघाटन किया गया। स्टडी सेंटर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा अमरेश रंजन ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ के जीवन में दूरस्थ शिक्षा केन्द्र महत्वपूर्ण बढ़ गए है। न सिर्फ शहरी क्षेत्र बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब इसकी उपयोगिता बढ़ते जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा नहीं मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को शहरों में जाना पड़ता है। वहां आर्थिक हालात सही नहीं होने पर छात्रों को वापस घर आना पड़ता है। लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों भी इसका स्टडी सेंटर खुल रहा है। जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर पढ़ाई करने से उन्हें पैसे व समय दोनों की बचत होगी। फिलहाल इस अध्ययन केंद्र के तरफ से 105 विषयों की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंगनाथ चौबे ने व संचालन शिक्षक नेता धनंजय मिश्र ने किया। इस कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय के सचिव धनंजय पांडेय ने बताया कि इस ग्रामीण क्षेत्र में उच्च विद्यालय के बाद पढ़ाई करने के लिए छात्रों को दूर दूर तक जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यह अध्ययन केंद्र छात्रों के लिए वरदान साबित होगा। मौके पर कॉलेज प्राचार्य संजय मिश्र, शिक्षक हीरालाल सिंह, लव कुमार, कंचन देवी, आरती कुमारी, रवि कुमार, अवधेश नारायण सिंह, देवव्रत सिंह, मनोज पांडेय, अरविंद पांडेय, दशरथ सिंह, नागेंद्र पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

डुमरांव में मुख्य सड़कों पर ही खड़े होते है बेतरतीब वाहन, आम जन परेशान

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव शहर के मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग सड़कों पर ही बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा कर देते है, जिस वजह से मुश्किलें बढ़ जाती है और वाहनों का रफ्तार थम जाता है। सड़को पर ही ऑटो और बसों का ठहराव होने से टू लेन की सड़क वन वे हो जाती है। शहर में बने कई भवन और प्रतिष्ठान के अलावे बैंक संस्थान, होटल, लॉज ऐसे है, जहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर परिषद द्वारा भी अब तक पार्किंग की सुविधा नहीं दी गयी है। मजबूरन लोगों द्वारा अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करना पड़ता है। जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। हालांकि प्रशासन ने मुख्य सड़क पर सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक रूट निर्धारित कर बड़े वाहनों के लिए नो इंट्री घोषित किया है। बावजूद छोटे वाहनों से जाम की समस्या बनी रहती है और लोग बेतरतीब ढंग से वाहनों को सड़कों पर ही खड़ा कर मुश्किलें बढ़ा देते है। वहीं, शहर की मुख्य सड़क एनएच 120 एक तरफ एनएच 84 को जोड़ती है, तो दूसरी तरफ रोहतास के बिक्रमगंज सड़क से जुड़ाव है। जिस पर वाहनों का दबाव बना रहता है। स्थानीय मुख्य शहर के राज हाइस्कूल से लेकर ट्रेनिंग स्कूल तक जाम की भयावह स्थिति बनी रहती है। नप प्रशासन ने जाम से निपटने के लिए नया प्रयोग करते हुए व्हील लॉक सिस्टम लागू किया, जिसे पुलिस को समर्पित कर इस पर अंकुश लगाने की जवाबदेही दी गयी। मुख्य सड़क पर सड़क किनारे लोहे की बैरिकेडिंग लगायी गयी।

धान की 30 उन्नत किस्मों से रू-ब-रू हुए किसान

- धान प्रक्षेत्र दिवस पर आयोजित कार्यशाला में जिले के किसानों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी
- वनस्पति अनुसंधान इकाई बिक्रमगंज में आयोजित हुआ था कार्यशाला

केटी न्यूज/डुमरांव

मंगलवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय के वनस्पति अनुसंधान इकाई, धनगाई, बिक्रमगंज, रोहतास में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार परियोजना के जनजातीय उपयोजना अंतर्गत धान प्रक्षेत्र दिवस सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे राज्य के विभिन्न जिलों से 100 से ज्यादा किसानों ने भाग लिया। इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के पर्यावरण आयोग के अध्यक्ष सह सीनजेन्ट्आ कंपनी के अन्तरराष्ट्रीय सलाहकार डॉ. हरिकेश बहादुर सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व सहायक महानिदेशक डॉ. ईश्वर सिंह सोलंकी, सीमीत-मेक्सिको के अंतरराष्ट्रीय खाद्यान्न वैज्ञानिक डॉ. रवि गोपाल सिंह थे।

विशेषज्ञों ने अपने महत्वपूर्ण वक्तव्य किसानों से साझा किए। धान प्रक्षेत्र दिवस सह कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जिलों से आए किसानों को धान के 30 से ज्यादा नव विकसित प्रभेदों तथा उनके द्वारा लगाए जाने वाले प्रभेदों के बारे में जानकारी देना था। इसके साथ ही 900 से ज्यादा धान की विभिन्न जर्मप्लाज्म को भी किसानों को दिखाया गया। जिसमें सुगंधित, स्वादिष्ट, अधिक उपज देने वाले एवं मध्यम तथा अल्प अवधि में होनेवाले प्रभेद थे। इसके साथ ही संस्थान में प्रभेदों के विकसित करने की तकनीकी तथा केंद्र पर लगे लगभग 43 प्रयोगों को भी दिखाया गया। जिसमें 1900 से अधिक ब्रीडिंग पापुलेशन एवं आने वाले प्रभेद, जो विमोचित होने हैं उनके बारे में जानकारी दी गई। किसान भाइयों तथा विशेषज्ञों ने पास के गांव में किसान विजय के खेत पर लगे नव विकसित प्रभेद, सबौर हीरा धान के साथ स्वर्ण एवं मिनी किट प्रयोग में प्रदर्शन के लिए लगी प्रभेद सबौर मसूरी धान के खेत का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी लोगों ने एकमत से सबौर हीरा धान की तारीफ की। इसके साथ ही केंद्र पे लगे, अन्य नव विकसित प्रभेदों जैसे बीआरआर 2176, बीआरआर 2177, बीआरआर2141, बीआरआर 2108, बीआरआर 2107, बीआरआर 2074 आदि के गुणवत्ता एवं अत्यधिक उपज क्षमता की भी तारीफ की गई। साथ ही, इन प्रभेदों के विकसित करने वाले वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश सिंह के अल्पावधि में किए गए शोध कार्य की काफी प्रशंसा की गई। इस कार्यक्रम में अन्य वैज्ञानिक डॉ कमलेश प्रसाद, डॉ. मो. रियाज अहमद, डॉ. नित्यानंद, डॉ. निखिल कुमार सिंह, डॉ. जैन, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. रतन, डॉ. पांडुरंग के साथ ही क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक मदन सिंह, सत्येंद्र, अनंत बहादुर सिंह, अरविंद पाठक, संजय सिंह, विजय कुमार, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुमन, हीरालाल, भगवान आदि उपस्थित थे।

एक नजर

मुख्तार अंसारी के साले को ईडी ने हिरासत में लिया

गाजीपुर। मुख्तार अंसारी पर ईडी का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। ईडी टीम ने मुख्तार के साले शरजील रजा उर्फ आतिफ को मंगलवार को हिरासत में ले लिया। ईडी की टीम ने जिला कारागार के बाहर से ईडी शरजील रजा को हिरासत में लिया है। शरजील जिला जेल में बंद था और एक हफ्ते पहले ही शरजील की जमानत हुई थी। आज जेल से जैसे ही शरजील रिहा हुआ। उसे ईडी टीम ने हिरासत में ले लिया। ईडी टीम शरजील रजा को लेकर प्रयागराज रवाना हो गई। मुख्तार का विधायक बेटा अब्बास अंसारी पहले ही ईडी की कस्टडी रिमांड में है।

शौच जाने के दौरान गंगाजी में डूबा किशोर, मौत

बलिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कंसपुर दियारा निवासी संजय यादव का बेटे रितेश यादव की मंगलवार की सुबह गंगा में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया जा रहा है कि मृतक सुबह शौच करने के लिए पास में गंगा के किनारे गया था, जहां पानी छूने के दौरान असन्तुलित होकर नदी में डूब गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची।

51000 दीपक का हुआ भव्य दीपदान

गाजीपुर। बाराचवर-मुहम्मदाबाद तहसील के धारानगर बैजलपुर में स्थित स्वयंभू महादेव बाबा सोमेश्वर नाथ महादेव के धाम में देव दीपावली के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व कल्याण के लिए 51000 दीपदान का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी ने समस्त शिव भक्तों से अनुरोध किया कि सभी इस महोत्सव में उपस्थित होकर एक एक दीपक जलाकर अपने देश को अखंडता की तरफ अग्रसर होने की कामना करें। दीपदान का कार्यक्रम सोमवार को सायंकाल बाबा सोमेश्वर नाथ महादेव परिसर धारा नगर बैजलपुर मुहम्मदाबाद में किया जाएगा। देव दीपावली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गाजीपुर के गंगा घाटों पर दीपदान किया। इस मौके पर लोगों ने पूजा पाठ कर देवताओं को दीप समर्पित किया। रंग-बिरंगे दीपों से घाट जगमग हो उठे। दीपावली के के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले इस धार्मिक पर्व को लेकर कई धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं।

देव दीपावली : रोशनी से जगमगाया प्राचीन दुर्गा मंदिर, लोगों ने किए दीप दान

प्राचीन दुर्गा मंदीर परिसर में जलते दीपक

♦ श्रद्धालुओं ने 31000 जलाए दीप

केटी न्यूज/बलिया

देव दीवाली के अवसर पर जिले के नगरा कस्बे में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर उस समय जगमगा उठा, जब सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दीपक जलाएं। श्रद्धालुओं और भक्तों ने मन्दिर एवं देवालयों में कुल 31 हजार से अधिक दीप दान कर दीपक की रोशनी से मंदिर व सरोवर को रोशन किया। कस्बे के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर देव दीपावली के लिए काफी तैयारियां की गई थी। पूरे दुर्गा मंदिर एवं आसपास के देवालय परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया।

दुर्गा मंदिर परिसर हजारों दीपों की रोशनी से रोशन नजर आ रहा था। वहीं, युवतियों और युवकों द्वारा मंदिर परिसर में जगह-जगह रंगोली सजाई गई। इन रंगोलियों में दीपक सजाए गए। जिससे मंदिर परिसर की छटा अद्भुत नजर आ रही थी। हर किसी की आंखें इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए आतुर हो उठी थी। मंदिर में पुजारी मुन्ना पांडेय के द्वारा मां दुर्गा की पूजन आरती के साथ शुरू हुए दीप दान का कार्य देर तक चलता रहा।

मन्दिर एवं देवालयों में पुरुष महिला श्रद्धालुओं ने भी पूजा अर्चना कर भोग अर्पित किए। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भी वितरण किया गया। दीपों से सजे मंदिर के मनभावन दृश्य को मोबाइल कैमरे में कैद करने हेतु युवाओं में होड़ देखने को मिली। मंदिर को सजाने की तैयारी दो दिन पूर्व से ही शुरू हो गई थी। इस पावन अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, राकेश सिंह, सूर्य नाथ पांडेय, प्रतीक प्रकाश, अभिनव प्रकाश गोलू, डॉ. शशि प्रकाश कुशवाहा, भोला कन्नौजिया, कमलेश वर्मा, महेश वर्मा, रामू ठाकुर, सौरभ किशोर, अमरेन्द्र सोनी, गुड्डू पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु जन एवं पुलिस मौजूद रहे।

महर्षि भृगु मुनि के तपोस्थली पर लगा भक्तों का रेला

कार्तिक पूर्णिमा : गंगा-तमसा संगम पर हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

- स्नान के बाद भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य, किया दान
- महावीर घाट से लेकर शिवरामपुर घाट तक चप्पे-चप्पे पर फोर्स रही तैनात
- मेले से लेकर स्नान घाट तक खुफिया विभाग भी करता रहा भ्रमण

केटी न्यूज/बलिया

महर्षि भृगु मुनि के तपोस्थली गंगा-तमसा तट पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान जनपद के अलावा गैर जनपद के श्रद्धालुओं का जनसैलाब गंगा तट पर उमड़ पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर दान पुण्य किया। तत्पश्चात भृगु मुनि व उनके शिष्य दर्दर मुनि का दर्शन पूजन का परिवार के मंगलमय की कामना की। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र से स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने ददरी मेला का लुत्फ उठाया और सामानों की खरीदारी की। प्रमुख मार्गों तथा घाट तक बैरिकेडिंग की गई थी। इस दौरान नगर में बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित था। बावजूद चार पहिया व ई-रिक्शा रेंगते रहे। स्नान के दौरान प्रमुख स्थानों पर पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी की तैनात रहे। श्रद्धालुओं ने पैदल ही संगम स्थल तक दूरी तय किया।

इस दौरान गंगा घाट, मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर लगी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर के विभिन्न मार्ग तथा महावीर घाट से शिवरामपुर घाट तक चप्पे-चप्पे पर फोर्स मौजूद रही। कार्तिक पूर्णिमा स्नान व ददरी मेला को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट सौम्या अग्रवाल ने 18 सेक्टर में विभाजित कर सेक्टवार मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। इसके अलावा छह जोनल मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया था।

जिसमें 18 मजिस्ट्रेट व 18 सेक्टर पुलिस अधिकारी तैनात रहे। इसके अलावा पीएसी, एनडीआरएफ की टीम तैनात रही। वहीं जनपद के अलावा वाराणसी, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, मिजार्पुर, भदोही जिले की फोर्स तैनात रही। इसके अलावा खुफिया विभाग के अधिकारी व कर्मचारी नगर से लेकर स्नान घाट तक भ्रमण करते हुए प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। वहीं स्नान करने आए श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के मद्देनजर महावीर घाट से लेकर शिवरामपुर घाट तक जगह-जगह बैरिकेडिंग, नावों की व्यवस्था, जीवन रक्षक दवाओं के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी तैनात किया गया था।

समितियों द्वारा की गई थी सुई दवा की व्यवस्था: कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नगर से लेकर शिवरामपुर घाट तक विभिन्न समितियों द्वारा सुई-दवा की व्यवस्था की गई थी।

जगह-जगह चला भंडारा, लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

बलिया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नगर से लेकर शिवरामपुर गंगा घाट तक विभिन्न समाजसेवियों व समितियों द्वारा स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां रात और दिन में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा समितियों द्वारा चाय, पानी, दवा आदि की व्यवस्था की गई थी। नगर के जनता मार्केट के पास समाजसेवी बब्बन पांडेय, चितू पांडेय चौराहा स्थित वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, भृगु आश्रम, जापलिनगंज नया चौक, शहीद चौक, जगदीशपुर चौराहा, गड़वार रोड, कचहरी रोड सहित शिवरामपुर घाट तक भंडारे का आयोजन किया गया था।

अलग-अलग घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

बलिया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हैबतपुर घाट, भरौली घाट, उजियार घाट, पचरूखिया घाट, मझौवा घाट सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने मंगलवार को आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद दान पुण्य कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इन घाटों पर भी महिला व पुरूष पुलिसकर्मी मुश्तैद रही। वहीं अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में चक्रमण करते रहे।

बैरियर पर यातायात व सिविल पुलिसकर्मी रहे मुश्तैद

बलिया। नगर में जाम न लगे और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। इसके लिए नगर के विभिन्न मार्गो पर लगाए बैरियर पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान राजधानी रोड पर माल्देपुर, बैरिया रोड पर पिपरा ढांला, बांसडीह पर तिखमपुर मंडी, सिकंदरपुर रोड पर बहादुरपुर, गड़वार रोड पर पौहाड़ीपुर में बैरियर पर यातायात पुलिस संग सिविल पुलिसकर्मी मुश्तैद रहे।

रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की लगी भीड़

बलिया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड सहित अन्य प्राइवेट वाहन स्टैंडों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान कुछ श्रद्धालु अपने नीजि वाहन तो कुछ सवारी ढोने वाले वाहनों से यात्रा की। आलम यह रहा कि रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड समेत अन्य वाहन स्टैंडों पर श्रद्धालुओं को चढ़ने व उतरने में काफी मशक्त करनी पड़ी।

जिले में बूथवार अपने-अपने पोलिंग एजेंट नियुक्त करें राजनीतिक पार्टियां : डीएम

- जिलाधिकारी ने की जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों संग बैठक की। जिसमें अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर होने वाले विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मतदाता सूचि में सम्मिलित मतदाताओं के आधार नंबर जुड़वाने तथा आयोग द्वारा निर्धारित चार विशेष अभियान तिथियों पर अधिक से अधिक मतदाताओं के नाम बढ़वाने में सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने पार्टी से संबंधित पोलिंग बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर बूथ लेवल आफिसर के साथ कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके अनुसार समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन नौ नवम्बर 2022 को किया जाएगा। नौ नवंबर 2022 से आठ दिसम्बर 2022 तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा उक्त अवधि में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ पदाभिहित स्थानों पर दावे व आपत्तियां प्राप्त करने हेतु कुल चार विशेष अभियान की तिथि जिसमें 12 नवंबर, 20 नवंबर, 26 नवंबर तथा 4 दिसंबर निर्धारित की गयी है। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण 26 दिसंबर तथा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों को छोड़कर शेष दिनों में बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य किया जायेगा। बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान आश्रयहीन, घुमन्तू जनजाति, बंधुआ मजदूरों, दिव्यांग आदि व्यक्तियों का पात्रतानुसार मतदाता सूची में शामिल किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी तक आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के लिए जनवरी अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली में मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए जाने की व्यवस्था नियत की गई थी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0/उपजिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, रविकान्त राय कांग्रेस, निजामुद्दीन खॉ समाजवादी पार्टी, राजन प्रजापति भाजपा, सुभाष राम सिपाही बसपा, अमेरिका सिंह यादव भा0क0पा0, अखिलेश कुशवाहा बसपा, कमलेश्वर प्रसाद कांग्रेस, उपस्थित थे।

उप राज्यपाल के पैतृक गांव पहुंचे रक्षा मंत्री व केंद्रीय मंत्री

- भव्य भंडारे में शामिल होने पहुंचे कई दिग्गज, भागवत कथा का हुआ समापन

केटी न्यूज/गाजीपुर

मोहम्मदाबाद क्षेत्र के मोहनपुरा गांव में आठ नवंबर को हाईप्रोफाइल लोगों का जमावड़ा हुआ। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक आवास पर आयोजित भागवत कथा का समापन को लेकर दिग्गज नेताओं का आगमन हुआ। इस क्रम में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना और सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर इस अवसर पर विशाल भंडारे में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। लखनऊ से एक साथ हवाई जहाज से अंधऊ हवाई अड्डे पर अपराह्न एक बजे पहुंचे। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह एवं जिला प्रभारी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे।

बताया जाता है कि एक नवंबर से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक आवास पर सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ था। भागवत कथा मशहूर कथावाचक महाराज श्री कृष्णा दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। वहीं, मंगलवार को भागवत कथा के पाठ के बाद भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, डॉ. विजय यादव, विनोद अग्रवाल, प्रो शोभनाथ यादव, प्रवीण सिंह, पंकज सिंह चंचल, राजेश राजभर, संकठा मिश्रा, अखिलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, राजन प्रजापति, पप्पू सिंह, सुरेश बिंद, डा अरविन्द मिश्रा प्राचार्य मेडिकल कालेज, डॉ. संचीत, डॉ. अभिषेक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक नगर गोपीनाथ सोनी, तहसीलदार अभिषेक, प्रतिभा मिश्रा एसडीएम, गौरव कुमार क्षेत्राधिकारी, हेमंत राव बीएसए, जिला पंचायत अध्यक्ष मऊ मनोज राय, अशोक सिंह, उत्पल राय और संजीव जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

एटीएम हैकर गिरफ्तार, 44 कार्ड जब्त

केटी न्यूज/मऊ

जिले के थाना दक्षिण टोला के अंतर्गत एक बड़े ही नाटकीय ढंग से पत्रकार के रूप में छुपा हुआ एटीएम हैकर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 44 बैंकों के एटीएम कार्ड के साथ लगभग चालीस हजार रुपए नगद पुलिस ने साथ में एक प्रेस का फर्जी आईकार्ड बरामद किया। क्षेत्राधिकारी नगर धनंजय मिश्रा ने बताया कि बलिया जिले के रसड़ा तहसील का एक युवक सुधाकर पांडे यह अपने परिवार को लखनऊ में रखा हुआ है। यह कार्ड बदलकर एटीएम से फ्राड करता है।

उसे थाना दक्षिण टोला की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार करने का काम किया है जिसमें कि आरोपी ने कई लोगों के साथ जनपद में एटीएम बदलकर धोखाधड़ी की थी यह बैंकों में भोले भाले लोगों को और कम पढ़े लिखे लोगों को सहयोग के नाम पर एटीएम बदलकर उनके एटीएम के को इस्तेमाल कर खाते से पैसा निकाल लिया करता है। साथ ही उसने एटीएम के माध्यम से अंगूठी की खरीद की थी तथा इसके पास से पकड़े जाने के बाद 44 एटीएम के कार्ड तथा 40000 रुपये कैश मिले हैं।

गिरफ्तार फ्रॉड

बताया जाता है कि एक साल पहले भी एटीएम के फ्रॉड के मामले में बलिया जीआरपी पुलिस द्वारा पकड़ा गया था तब भी उसके पास से 44 एटीएम कार्ड ही बरामद हुए थे फिलहाल में आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

डिजिटल युग में स्मार्टफोन से स्मार्ट बनें युवा : दयाशंकर सिंह

- गाजीपुर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन का हुआ वितरण
- परिवहन मंत्री ने गिनाई सरकार की खुबियां, मोदी-योगी सरकार की प्रशंसा की

केटी न्यूज/गाजीपुर

गाजीपुर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें योगी सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर दयाशंकर सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत चीफ प्रॉक्टर डॉ. डीके सिंह ने किया। तदुपरांत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रोफे. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पांडेय के साथ पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष कृपाशंकर सिंह, बालेश्वर सिंह, भाजपा नेता दिनेश वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि सरकार का मुफ्त स्मार्टफोन और लैपटॉप वितरण कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है। इस डिजिटल युग में स्मार्टफोन से देश के युवा छात्र स्वयं को स्मार्ट बना सकेंगे। वर्तमान अध्ययन पद्धति में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। मोदी-योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए मंत्री सिंह ने बताया कि बीजेपी में सही मायने में आंतरिक लोकतंत्र है। अन्य दलों की तरह बीजेपी परिवारवाद में यकीन नहीं करती। कोरोना काल में योगी मोदी सरकार की उपलब्धि अविस्मरणीय रही है। मोदी सरकार ने एक नहीं दो-दो करो कोरोनारोधी टीका का शोध कर निर्माण किया। इसके साथ ही साथ वैश्विक स्तर पर अन्य देशों को भी कोरोना से जुड़ी मदद पहुंचाई।

महाविद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर निम्न लोगों ने स्वागत किया। कृपा शंकर सिंह, बालेश्वर सिंह, डीके सिंह, डॉ. रविशंकर लौवजी सिंह, डॉ. जी सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. संजय चतुर्वेदी, डॉ. विजय कुमार सिंह, अरुण सिंह, प्रो. अवधेश सिंह। पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सिंह, कर्मचारी नेता विवेक सिंह शम्मी, भाजयुमो नेता योगेश, अरुण कुमार सिंह अमितेश कुमार सिंह, निशांत सिंह आदि मौजूद रहें। मुख्य अतिथि के हाथों से स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के खुशी देखने लायक थी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एसडी सिंह परिहार ने किया। वहीं कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया।

छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन देते परिवहन मंत्री

अलग अलग दुर्घटना में दो की मौत, पांच जख्मी

केटी न्यूज/बलिया

जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। देवरिया जनपद के बनकटा थाना क्षेत्र के भोड़वार से खेजुरी गांव बारात में आयी थी। बारात में आये पांच लोग कार से वापस घर जा रहे थे। तिलौली गांव के सामने बेल्थरा रोड डिपो की बस से कार टकरा गई। मौके पर सैकड़ों लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। एसएचओ योगेश यादव ने सभी घायलों को अपनी गाड़ी से सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया। जहां के चिकित्सकों ने फागू प्रसाद पुत्र अलगू राम निवासी असांव थाना बनकटा जनपद देवरिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल अर्जुन पुत्र अज्ञात निवासी असांव, नितेश गुप्ता पुत्र पुत्र मनोज व अमित गुप्ता पुत्र अरुण गुप्ता निवासीगण भोड़वार और पंकज पुत्र कमलेश निवासी बनकटा देवरिया का प्राथमिक उपचार कर उनको बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

भगवान राम की शिक्षा-दीक्षा व परीक्षा की धरती है बक्सर

आरएसएस प्रमुख की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय संत सम्मेलन संपन्न

अंतरराष्ट्रीय संत समागम के मुख्य अतिथि बने संघ प्रमुख

केटी न्यूज/बक्सर

जिले के अहिरौली धाम में आयोजित सनातन संस्कृति समागम के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय संत सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें देश भर से आये साधु-संतों ने हिस्सा लेकर विश्वामित्र की तपोभूमि सिद्धाश्रम बक्सर को अपनी उस्थिति से पुनः सिद्ध किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवक संघ के आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। बक्सर सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने उनका स्वागत किया और दीप प्रज्वलन के साथ साधु संतों के मंत्रोच्चार से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संघ प्रमुख ने इस वृहद् आयोजन शानदार बताया। उन्होंने मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की तारीफ करते हुए कहा कि बक्सर भागवान श्रीराम की कर्मभूमि है, इसके पावन महत्व के बारे में हमारे देश और सम्पूर्ण विश्व को जानना होगा। इस आयोजन से बक्सर को नई पहचान मिलेगी। मोहन भागवत जी ने सनातन संस्कृति समागम को अद्भुत आयोजन बताया। कहा कि महात्माओं एवं साधु संतों के आगमन से कोई भी भूमि पवित्र हो जाती है, फिर बक्सर की पावन धरा पर आना, माता अहिल्या के धाम में

आज जलभरी के साथ शुरू होगा लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

आने का सौभाग्य मिला जिसके लिए मैं आभारी रहुंगा।
कार्यक्रम के संयोजक बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने मुख्य अतिथि एवं साधु संतों का स्वागत करते हुए बक्सर की पावन धरा को गौरवान्वित बताया। साथ जी अपने उद्बोधन में उन्होंने श्रीराम कर्मभूमि में वामन भगवान का विशाल मन्दिर, भगवान राम की पराक्रमी प्रतिमा, भगवान राम पर शोध केंद्र एवं यज्ञशाला के निर्माण का संकल्प लिया। पद्मविभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी ने संत सम्मेलन में उद्बोधन देते हुए उपस्थित सभी संत-महात्माओं से राष्ट्रीय समस्याओं पर विचार व्यक्त कर सम्मेलन को सफल बनाने का आग्रह किया और अयोध्या में निमार्णाधीन श्रीराम मन्दिर के लिए मोहन भागवत जी को धन्यवाद देते हुए श्रीराम कर्मभूमि की महत्ता को भक्तगणों से साझा किया। विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने मुख्य अतिथि मोहन भागवत एवं सभी साधु-महत्माओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

कुछ लोग धर्म परिवर्तन करा रहे हैं, हम परावर्तन कराएंगे : रामभद्राचार्य महाराज

बक्सर। संत रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि राष्ट्र के जुड़े मुद्दों पर सभी लोगों को एकजूट होकर बात करनी चाहिए। संत रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर चीन द्वारा कब्जा किया गया 800 वर्ग मिल भूमि बहुत जल्द भारत का अंग होगा। इसके लिए हनुमंत महायज्ञ कराने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय समस्याओं पर सभी संतों का एक मत होना चाहिए। हिन्दू धर्म में एक प्रचलन चल रहा है। कुछ लोग धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। लेकिन मेरा मत है कि जो लोग परिवर्तन करा रहे हैं, हम उनका परावर्तन कराएं। जितने लोगों का धर्म परिवर्तन हुआ है, उनका हम परावर्तन कराएगें। भारतीय समस्याओं का समाधान तब तक नहीं होगा, जब तक देश में 80 फिसदी हिन्दू नहीं हो जाएंगे।



देश को बचाने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून आना चाहिए : स्वामी यतीन्द्रनाथ

बक्सर। अंतरराष्ट्रीय संत सम्मेलन में पूज्य श्री महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रनाथ गिरी जी महाराज का संबोधन कुछ ऐसे डॉक्टर जिन्हें डॉक्टरी नहीं आती थी, उन्होंने कैंसर की ऑपरेशन कर दिया। दो पार्ट निकाल कर अलग कर दिया। एक भारत बन गया एक पाकिस्तान बन गया। जो हिन्दुस्तान में रहना नहीं चाहते थे और जिनको भारत नाम अच्छा नहीं लगता था, ऐसे लोग बाहर हो गए। लेकिन, उसके बाद यह समस्या खड़ी हो गई कि जिनका वास्तव में कीमोथिरेपी होनी चाहिए थी, उनका इलाज नहीं हुआ। कुछ ऐसे लोग थे, जो कहते थे कि हम वदेमारतम नहीं बोल सकते, हम भारत माता की जय नहीं बोल सकते है। ऐसे लोगों की 1947 में ठीक से किमोथिरेपी नहीं हुई थी। जिसके कारण राजनितिक सह पर पूरे देश में फैल गए हैं। परन्तु अब हमारे देश में देसी डॉक्टर पैदा हो चुके है। एक दिल्ली में बैठे है और दूसरा यूपी में। दोनों अपने अपने स्तर से एक-एक मरीज की किमोथिरेपी कर रहे हैं। स्वामी यतीन्द्रनाथ ने कहा कि इस कैंसर को नियंत्रण करने के लिए जनसंख्या नियंत्रण की कानून आना ही चाहिए।

कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमारा ही रहेगा : स्वामी चिन्मयानंदजी

बक्सर। अंतरराष्ट्रीय संत सम्मेलन में पूज्य स्वामी चिन्मयानंदजी सरस्वती ने कहा कि कश्मीर हमारा था हमारा है यह कहते-कहते श्यामा प्रसाद मुखर्जी चले गए, लेकिन उनका संकल्प आज भी जिंदा है। बक्सर निर्माण, विनय व विजय के साथ भगवान राम की शिक्षा-दीक्षा व परीक्षा की धरती है बक्सर। अपने बच्चों में संस्कार व संस्कृति लाए। ऐसा न हो कि मां-बाप को ही भूल जाए। धरती को बचाना होगा इसलिए हमसब को भगवान वामन बनना होगा। प्लास्टि का इस्तेमाल बंद करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाए और जल को दुषित होने से बचाए। आज हर एक व्यक्ति संकल्प से इस विश्वामित्र की धरती से की धरती को बचाएगें।